आकाशवाणी देहरादून (उत्तराखण्ड)

शुक्रवार 08.05.2026 समय 1830

मुख्य समाचार :—

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केदारनाथ धाम में आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से युक्त अस्पताल का लोकार्पण किया। कहा— उच्च हिमालयी क्षेत्र में अस्पताल का संचालन, स्वास्थ्य सेवाओं को नई मजबूती प्रदान करेगा।
- मुख्यमंत्री धामी ने पिथौरागढ़ में कैलाश उत्सव का शुभारंभ करने के साथ ही 165 करोड़ रुपए की लागत से विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।
- विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर बागेश्वर में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित किया गया।
- आकाशवाणी की स्थापना की 90वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आकाशवाणी—दूरदर्शन केंद्र देहरादून में वॉकथॉन का आयोजन।

मुख्यमंत्री / लोकार्पण

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज केदारनाथ धाम में आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से युक्त अस्पताल का लोकार्पण किया। यह अस्पताल स्वामी विवेकानन्द हेल्थ मिशन सोसाइटी द्वारा संचालित किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि कठिन भौगोलिक परिस्थितियों वाले इस उच्च हिमालयी क्षेत्र में इस अस्पताल का संचालन, स्वास्थ्य सेवाओं को नई मजबूती प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि यह अस्पताल यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के साथ—साथ स्थानीय नागरिकों के लिए भी अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार, केदारनाथ धाम यात्रा को सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित बनाए रखने के लिए स्वास्थ्य सेवाओं को विशेष प्राथमिकता दे रही है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

मुख्यमंत्री / पिथौरागढ़

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज पिथौरागढ़ स्थित लक्ष्मण सिंह महर राजकीय महाविद्यालय में कैलाश उत्सव का शुभारंभ करने के साथ ही 165 करोड़ रुपए की लागत से विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार सीमांत क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास के लिए कृत संकल्पित भाव से कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने महाविद्यालय के विकास के लिए कई घोषणाएं भी कीं।

कैबिनेट मंत्री

कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या आज अल्मोड़ा जिले के हुकुम सिंह बोरा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सोमेश्वर में आयोजित वार्षिकोत्सव समारोह में शामिल हुईं। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना के तहत छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र—छात्राओं को प्रमाण पत्र और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि मेधावी छात्र—छात्राओं की सूची में छात्राओं की बढ़ती संख्या, शिक्षा के क्षेत्र में बेटियों की निरंतर प्रगति का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार मेधावी छात्र—छात्राओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विभिन्न योजनाएं संचालित कर रही है।

विश्व रेडक्रॉस दिवस

विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर आज बागेश्वर जिला कार्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान समाज सेवा और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने बागेश्वर रेडक्रॉस द्वारा किए जा रहे सेवा कार्य की सराहना करते हुए कहा कि स्वयंसेवियों की निःस्वार्थ सेवा भावना समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यख इंद्र सिंह फर्स्वाण ने कहा कि संस्था के स्वयंसेवी लगातार मानव पीड़ा को कम करने के उद्देश्य से समर्पित भाव से कार्य कर रहे हैं और भविष्य में भी यह सेवा कार्य इसी तरह जारी रहेगा।

आकाशवाणी / वॉकथॉन

आकाशवाणी की स्थापना की 90वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आज आकाशवाणी–दूरदर्शन केंद्र देहरादून से नेहरू कॉलोनी तक वॉकथॉन का आयोजन किया गया। इस दौरान केंद्र में कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बहुजन हिताय बहुजन सुखाय के आदर्श वाक्य के साथ आकाशवाणी की स्थापना वर्ष 1936 में हुई थी। यह देश का सर्वाधिक विश्वसनीय प्रसारण माध्यम है, जो विभिन्न भाषाओं में समाचार बुलेटिन के अलावा संगीत, मनोरंजन और जन उपयोगी कार्यक्रमों का प्रसारण करता है।

कौशलम प्रदर्शनी

चम्पावत के जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, लोहाघाट में आज जिला स्तरीय कौशलम प्रदर्शनी आयोजित की गई। जिले के चारों विकासखण्डों के चयनित 22 विद्यालयो में से 17 विद्यालयों के छात्र–छात्राओं ने नवाचारी मॉडल का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. कमल गहतोड़ी ने बताया कि छात्रों में उद्यमशील मानसिकता विकसित करने के उद्देश्य से आयोजित इस प्रदर्शनी में उद्योग विभाग, नगर पालिका और विभिन्न क्षेत्रों से आये विशेषज्ञों ने छात्रों का मार्गदर्शन किया। राजकीय इंटर कॉलेज, दिगाली चौड़ की छात्रा स्नेहा बोहरा ने बताया कि उन्होंने गौमय प्रतिमय मॉडल का प्रस्तुतिकरण किया। इसका उद्देश्य प्राकृतिक वस्तुओं को पर्यावरण से जोड़कर एक स्टार्टअप का निर्माण करना है।